ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 12-06-2026

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-06-12 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2026-06-13	2026-06-14	2026-06-15	2026-06-16	2026-06-17
वर्षा (मिमी)	0.0	1.0	2.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	40.0	40.0	39.0	40.0	40.0
न्यूनतम तापमान(से.)	31.0	30.0	30.0	31.0	31.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	51	50	46	48	42
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	26	27	25	27	23
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	2	2	3	3	3
पवन दिशा (डिग्री)	155	235	263	268	266
क्लाउड कवर (ओक्टा)	3	2	8	8	2
चेतावनी	कोई चेतावनी नहीं	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; धूल भरी आँधी; तेज़ सतही हवाएँ	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; धूल भरी आँधी; तेज़ सतही हवाएँ	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं

पूर्वानुमान सारांश:

14 से 15 जून तक मेघगर्जन, वज्रपात, झोकेदार तेज हवाएं चलने के साथ हल्की वर्षा की सम्भावना है।अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 2- 3 किमी/ घंटा रहने की संभावना है।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

14 से 15 जून तक मेघगर्जन, वज्रपात, झोकेदार तेज हवाएं चलने के साथ हल्की वर्षा की सम्भावना है।

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

कोई असर नहीं

सामान्य सलाहकार:

पश्चिमी राजस्थान में लगभग 30 जून को मानसून आने की सम्भावना को देखते हुऐ । किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि खरीफ फसलों की बुवाई के लिए विश्वसनीय स्रोतों से बाजरा, मूंगफली और दालों के उन्नत बीजो और आवश्यक पोषक तत्वों की व्यवस्था कर ले ताकि मानसून के आते ही समय पर बुवाई कर सके।

लघु संदेश सलाहकार:

दैनिक मौसम अपडेट प्राप्त करने के लिए मोबाइल फ़ोन के प्ले स्टोर से मेघदूत, मौसम और दामिनी ऐप मुफ्त में डाउनलोड करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	बाजरा की बुवाई का उपयुक्त समय जून माह के मध्य से जुलाई के तीसरे सप्ताह तक है। किसान भाइयों को सलाह दी जाती है उन्नत किस्मों के गुणवत्तायुक्त बीज तथा आवश्यक पोषक तत्वों की अग्रिम व्यवस्था करें ।
मूँग	किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि मूँग की बुवाई का उपयुक्त समय जून मध्य से मध्य जुलाई है अतः उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, तथा आवश्यक पोषक तत्वों की व्यवस्था करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	अधिक दूध देने वाली गाय व भैंस में ब्याने के 7-8 दिन तक दुग्ध ज्वर होने की संभावना होती है] इसलिए पशुओं को कैल्शियम] फॉस्फोरस का घोल 70 से 100 मिलीलीटर प्रतिदिन पिलायें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	अगर संभव हो तो किसान भाई खेतों में छोटी समतल क्यारियां बनाएँ, जिससे मानसून की बारिश के जल को मिट्टी में संरक्षित किया जा सके।
बारिश के पानी का संग्रहण	जिन कृषकों ने टांका बना रखा है, वे वर्षा जल संग्रह क्षेत्र को साफ एंव ठीक करें जिससे बारिश का साफ जल ग्रहण किया जा सके।
सामान्य सलाह	किसान भाई खरीफ फसलों की बुवाई से 3–4 सप्ताह पूर्व 10–12 टन प्रति हेक्टेयर अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद खेत में डालकर मिट्टी में अच्छी तरह मिला दें, जिससे भूमि की उर्वरता एवं नमी धारण क्षमता में वृद्धि होगी।

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

गरज-चमक, आकाशीय बिजली एवं तेज झोंकेदार हवाओं के दौरान बाहर जाने से बचें

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

कोई नहीं

Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details